समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# अंबानी की कंपनी RIL 18 जुलाई को करेगी पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान, इतने प्रॉफिट की है उम्मीद।

Publisher

Published on 12 Jul 2025



**रिलायंस इंडस्ट्रीज 18 जुलाई को जारी करेगी Q1 FY26 के नतीजे, 19,000 से 20,000 करोड़ रुपये के नेट प्रॉफिट की उम्मीद, एशियन पेंट्स डील से बड़ा मुनाफा संभव।**

**मुंबई :** एशिया के सबसे अमीर उद्योगपति **मुकेश अंबानी** की कंपनी **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड** (**RIL**) अपने वित्त **वर्ष 2025-26** की पहली तिमाही के नतीजे **18 जुलाई 2025** को घोषित करेगी। कंपनी ने **11 जुलाई** को स्टॉक एक्सचेंज को यह जानकारी दी है।

### 18 जुलाई को होगी बोर्ड मीटिंग और एनालिस्ट कॉल

**रिलायंस** ने कहा है कि 18 जुलाई को बोर्ड की बैठक में **30 जून 2025** को समाप्त पहली तिमाही के वित्तीय नतीजों पर चर्चा की जाएगी। बैठक के बाद एनालिस्ट मीट का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें कंपनी के **प्रदर्शन, मुनाफे, राजस्व** और **भविष्य की योजनाओं** पर विस्तृत चर्चा होगी।

### कितना मुनाफा होने का अनुमान ?

ब्रोकरेज फर्म **कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज** (KIE) के विश्लेषकों के अनुसार, पहली तिमाही में **रिलायंस का टैक्स के बाद शुद्ध लाभ** (Net Profit) **29%** तक बढ़कर **19,517 करोड़ रुपये** तक पहुंच सकता है।

**KIE** का मानना है कि इसमें लगभग **9,000 करोड़ रुपये** का मुनाफा कंपनी को एशियन पेंट्स में अपनी हिस्सेदारी बेचने से हुआ है।

### रिलायंस ने :

१. **12 जून 2025 को एशियन पेट्ंस मे अंपनी 3.64% हिस्सेदारी ₹7,703 करोड़ मे बेची**
२. **16 जून को बची हुई हिस्सेदारी भी बेच दी**

**बिक्री मे मामूली गिरावट, लेकिन EBITDA मे तेजी**

KIE के अनुसार, **RIL** की पहली तिमाही की कुल शुद्ध बिक्री **₹2,29,475.7 करोड़** रह सकती है, जो कि पिछले साल की **₹2,31,784 करोड़ से 1%** कम है।

हालांकि, कंपनी के **कंसोलिडेटेड EBITDA** (कमाई पहले **ब्याज, टैक्स, डिप्रिसिएशन और एमीटाइजेशन**) में **15.4%** की बढ़ोतरी संभव है।

**सेक्टर वाइज ग्रोथ अनुमान :**
१. **O2C (Oil to Chemicals):** +19%
२. **Digital Services (Jio):** +20%
३. **Retail Segment:** +19%
४. **E&P (Exploration & Production):** कमजोर प्रदर्शन की संभावना

**Motilal Oswal का अनुमान**

ब्रोकरेज फर्म **मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज** का अनुमान और भी मजबूत है। उनके अनुसार:
१. **Net Profit:** लगभग ₹20,000 करोड़ (YoY +32%)
२. **Revenue:** लगभग ₹2,66,100 करोड़ (YoY +15%)
३. **यह अनुमान O2C और रिटेल सेक्टर मे मंजबूत परफॉर्मेसं और डिजिटल सेवाओं मे यूज़र ग्रोथ पर आधारित है**।

**निवेशकों की नजर RIL पर टिकी**

**18 जुलाई** को **RIL** के नतीजों का ऐलान निवेशकों और बाजार विश्लेषकों के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहेगा, क्योंकि यह भारत की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। स्टॉक पर इसका सीधा असर देखने को मिलेगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.